88. Which one of the following statements is ***not*** true about the Parliament of India ?

(1) In the matters dealing with finances, the government does not require Parliament's approval.

(2) The Parliament while in session, begins with a question hour.

(3) The Parliament consists of the President, the Rajya Sabha and the Lok Sabha.

(4) The Parliament in our system has immense powers because it is the representative of the people.

89. While teaching Social Sciences, a teacher must attempt to

(1) focus upon remembering the details.

(2) focus upon facts, values and patterns.

(3) focus only upon facts, but not on values.

(4) focus only upon values, but not on facts.

90. Suppose the prescribed Social Science textbook is difficult for the students. What will you do ?

(1) Provide a variety of supplementary materials.

(2) Dictate summaries of each lesson.

(3) Use question-answer technique.

(4) Emphasise rote learning.

87. संयुक्त राज्य अमेरिका में 'नागरिक अधिकार आन्दोलन' शुरू हुआ था

(1) सभी अफ़्रीकी-अमेरिकन नागरिकों के लिए समान अधिकारों तथा जातीय विभेद की समाप्ति की माँग के लिए ।

(2) अफ़्रीकी-अमेरिकन पुरुषों के मताधिकार की माँग के लिए ।

(3) अफ़्रीकी-अमेरिकन वरिष्ठ नागरिकों की सामाजिक सुरक्षा की माँग के लिए ।

(4) अफ़्रीकी-अमेरिकन महिलाओं के मताधिकार की माँग के लिए ।

88. भारतीय संसद के बारे में निम्नलिखित में से कौन-सा कथन सत्य ***नहीं*** है ?

(1) वित्त से सम्बन्धित मामलों में, संसद की मंज़ूरी सरकार के लिए महत्त्वपूर्ण नहीं होती ।

(2) जब संसद का सत्र चल रहा होता है, तो उसमें सबसे पहले प्रश्न-काल होता है ।

(3) भारतीय संसद के तीन अंग हैं — राष्ट्रपति, राज्य सभा और लोक सभा ।

(4) हमारी व्यवस्था में संसद के पास महत्त्वपूर्ण शक्तियाँ हैं क्योंकि यह जनता का प्रतिनिधित्व करती है ।

89. सामाजिक विज्ञान पढ़ाते समय, एक शिक्षक का प्रयास होना चाहिए

(1) विस्तृत रूप से याद करने पर बल देना ।

(2) तथ्यों, मूल्यों तथा आदर्शों पर बल देना ।

(3) केवल तथ्यों पर बल देना, लेकिन मूल्यों पर नहीं ।

(4) केवल मूल्यों पर बल देना, लेकिन तथ्यों पर नहीं ।

90. मान लीजिए सामाजिक विज्ञान की प्रस्तावित पाठ्य-पुस्तक विद्यार्थियों के लिए कठिन है । आप क्या करेंगे ?

(1) विभिन्न प्रकार की पूरक सामग्रियाँ प्रदान करेंगे

(2) प्रत्येक पाठ का संक्षिप्त विवरण लिखवाएँगे

(3) प्रश्न-उत्तर तकनीक का प्रयोग करेंगे

(4) रट कर सीखने पर बल देंगे

**Candidates should answer questions from the following Part only if they have opted for ENGLISH as LANGUAGE – I.**

**परीक्षार्थी निम्नलिखित भाग के प्रश्नों के उत्तर केवल तभी दें यदि उन्होंने भाषा – I का विकल्प अंग्रेज़ी चुना हो ।**

# PART IV

## LANGUAGE I

## ENGLISH

***Directions : Read the passage given below and answer the questions that follow (Q. No. 91 to 99) by selecting the* most appropriate *option.***

The real indictment against colonialism was to be found in the villages of India. There was a rot at the top, too, in the thousands of young intellectuals trained in English schools for jobs that did not exist except in the limited Civil Service. The towns and cities were frothing with unhappy young men, cultured and well educated, who could find no jobs and were not allowed by the old super-structure of empire to create them.

But the real proof of evil, I say again, was in the miserable villages. I thought I had seen poverty in China, yet when I saw the Indian villages, I knew that the Chinese peasant was rich in comparison. Only the Russian peasant I had seen years before could compare with the Indian villager, although that Russian was a very different creature and inferior in many ways.

And the children, the little children of the Indian villages, how they tore at my heart: thin, big bellied, and all with huge dark eyes! I wondered that any Englishman could look at them and not excuse himself. Three hundred years of English occupation and rule, and could there be children like this ? Yes, and millions of them!

And the final indictment surely was that the life span in India was only twenty-seven years. Twenty-seven years! No wonder, then that a man married very young so that there could be children, as many as possible, before he died. I loved England, remembering all the happy journeys there, but in India I saw an England I did not know.

**91.** During the colonial rule, the villages suffered because there was/were ________.

(1) no schools in the villages

(2) not enough land for agriculture

(3) not enough food for the children

(4) no jobs in the villages

**92.** Even the city people were not happy because ________.

(1) there were not enough jobs for all

(2) the trade was under the colonial control

(3) there was a large number of young intellectuals

(4) business was not flourishing

**93.** However, the cities were better off than the villages because ________.

(1) the young men were happy

(2) the children, at least, were not hungry

(3) all children were highly educated

(4) the educated youth got jobs

**94.** Which one of the following is true ?

(1) The Russian peasant could compare with the Indian peasant.

(2) The Indian peasants were superior to the Chinese peasants.

(3) The Chinese peasants were better off than the Russian peasants.

(4) The Indian peasant was inferior to the Russian peasant.

**95.** The writer believes that a/an ________ should feel sorry at the sight of these poor children.

(1) Russian

(2) Indian

(3) Chinese

(4) Englishman

**96.** The English rule made India ________.

(1) technically rich

(2) industrially strong

(3) culturally strong

(4) economically poor

**97.** The average life of an Indian during the British rule was 27 years. The result was that ________.

(1) Indians married young

(2) Indians did not have many children

(3) India was full of young people

(4) Indians lived a healthy life

**98.** The towns and cities were frothing with unhappy young men. The underlined phrase means ____________.

(1) devoid of
(2) full of
(3) lacking in
(4) angry with

**99.** The final indictment was inevitable. What does the underlined word mean ?

(1) award
(2) negation
(3) accusation
(4) punishment

***Directions** : Read the given poem and answer the questions that follow (Q. No. 100 to 105) by selecting **the most appropriate** option.*

I want to be with people who submerge
in the task, who go into the fields of harvest
and work in a row and pass the bags along,
who are not parlour generals and field deserters
but move in common rhythm
when the food must come in or the fire be put out.

The work of the world is common as mud.
Botched, it smears the hands, crumbles to dust.
But the thing worth doing well done
has a shape that satisfies, clean and evident.

Greek amphoras for wine and oil,
Hopi vases that held corn, are put in museums
but you know they were made to be used.
The pitcher cries for water to carry
and the person for work that is real.

**100.** The poet seems to admire ____________.

(1) parlour generals
(2) field deserters
(3) wage earners
(4) farm workers

**101.** What is common between parlour generals and field deserters ?

(1) Both love to work.
(2) Both enjoy respect in society.
(3) Neither of them fights.
(4) Both of them love fighting.

**102.** What happens when work with mud gets botched ?

(1) It leads to satisfaction.
(2) Hands get dirty.
(3) No one pays for it.
(4) It is abandoned.

**103.** The figure of speech used in lines 12 – 14 is ____________.

(1) personification
(2) alliteration
(3) irony
(4) metaphor

**104.** Mud in the hands of a good craftsman becomes ____________.

(1) a useful article
(2) an expensive article
(3) a work of art
(4) a museum piece

**105.** Amphoras, vases and pitchers are metaphors for ____________.

(1) useful human labour
(2) pride in wealth
(3) items of luxury
(4) antique art

***Directions** : Answer the following questions by selecting the **most appropriate** option.*

**106.** Anshu is teaching English to class VI students and her class seems to be noisy. She is probably

(1) teaching a crowded class.

(2) not bothered about the noise.

(3) having group work.

(4) not able to manage the class.

**107.** A method is a body of _______ that a teacher adopts in the teaching-learning process.

(1) techniques

(2) pointers

(3) principles

(4) norms

**108.** One of the objectives of teaching vocabulary is ***not*** to

(1) be able to use words in different contexts.

(2) enable learners to use the dictionary.

(3) understand the meaning of words.

(4) develop active and passive vocabulary.

**109.** A passage explaining a place in such a way that a picture is formed in the reader's mind is called

(1) Expository

(2) Argumentative

(3) Descriptive

(4) Narrative

**110.** While selecting a reading text for your students, which of the following is *least* important ?

(1) It is appropriate for their age level.

(2) It hardly gives space to think ahead, hypothesize and predict.

(3) The language of the text is comprehensible to the learners.

(4) The content of text is accessible to the learners to apply their own background knowledge.

**111.** Giving effective feedback to the learners means

(1) diagnosing problems and guiding the learners on how to improve.

(2) giving appropriate time and space for corrections.

(3) focus on positive aspects as well as areas of development.

(4) correcting their mistakes in the class.

**112.** Which one of the following recommended the 'Three Language Formula' ?

(1) National Policy on Education 1968

(2) National Policy on Education 1986

(3) Kothari Commission 1966

(4) Chattopadhyaya Commission 1985

**113.** Which one of the following should a teacher ***not*** use while initiating the process writing approach ?

(1) Drafting and revising

(2) Proof-reading before final draft

(3) Brainstorming

(4) Dictating notes

**114.** Point out the figure of speech used in the sentence given below :

The moon smiled at the stars around her.

(1) Metaphor

(2) Oxymoron

(3) Personification

(4) Simile

**115.** Active vocabulary consists of words which

(1) we use frequently in our daily life.

(2) are difficult.

(3) we recognise and understand.

(4) we use occasionally.

**116.** A purposeful collection of students' work that demonstrates their efforts, progress and achievement in a given area is called a/an

(1) Anecdotal record

(2) Checklist

(3) Rating scale

(4) Portfolio

**117.** Every class is a mixed ability class, so while dividing the students into different groups for a language activity a teacher should

(1) give students different tasks according to their strength.

(2) arrange groups differently for different kinds of activities.

(3) put weaker and stronger students in different groups.

(4) mix weaker and stronger students.

**118.** Constructivist approach to learning does ***not*** emphasise

(1) that authentic task in a meaningful context should be used.

(2) that learners construct knowledge for themselves.

(3) knowledge construction instead of knowledge reproduction.

(4) teaching as the transmission of knowledge from the enlightened to the unenlightened.

**119.** A learner-centered class should ***not*** be one where

(1) the learners should do the given exercise silently as silence is better for learning to occur.

(2) the learners are intrinsically interested and are inclined to explore.

(3) the teacher acts more as another participant in the learning process.

(4) the learner's personal views and feelings are taken into consideration.

**120.** Summative assessment is

(1) assessment in learning.

(2) assessment as learning.

(3) assessment for learning.

(4) assessment of learning.

**Candidates should answer questions from the following Part only if they have opted for HINDI as LANGUAGE – I.**

**परीक्षार्थी निम्नलिखित भाग के प्रश्नों के उत्तर केवल तभी दें यदि उन्होंने भाषा – I का विकल्प हिन्दी चुना हो ।**

# भाग IV

## भाषा I

## हिन्दी

*निर्देश : गद्यांश को पढ़कर निम्नलिखित प्रश्नों (प्र.सं. 91 से 99) में **सबसे उचित** विकल्प को चुनिए ।*

पर्यावरण के प्रति गहरी संवेदनशीलता प्राचीनकाल से ही मिलती है । अथर्ववेद में लिखा है – भूमि माता है, हम पृथ्वी की संतान हैं । एक स्थान पर यह भी लिखा है कि हे पवित्र करने वाली भूमि, हम कोई ऐसा काम न करें जिससे तेरे हृदय को आघात पहुँचे । हृदय को आघात पहुँचाने का यहाँ अर्थ है पृथ्वी के पारिस्थितिकी तंत्र के साथ क्रूर छेड़छाड़ । हमें प्राकृतिक संसाधनों के अप्राकृतिक और असीमित दोहन से बचना होगा । आज आवश्यकता इस बात की है कि विश्व के तमाम राष्ट्र जलवायु परिवर्तन के गंभीर ख़तरे को लेकर आपसी मतभेद भुला दें और अपनी-अपनी ज़िम्मेदारी ईमानदारी से निभाएँ, ताकि समय रहते सर्वनाश से उबरा जा सके । विश्वविनाश से निपटने के लिए सामूहिक एवं व्यक्तिगत प्रयासों की ज़रूरत है । इस दिशा में आन्दोलन हो रहे हैं । अरण्य-रोदन के बदले अरण्य-संरक्षण की बात हो रही है, सचमुच हमें आत्मरक्षा के लिए पृथ्वी की रक्षा करनी होगी । भूमि माता है और हम उसकी संतान – इस कथन को चरितार्थ करना होगा ।

**91.** 'हम पृथ्वी की संतान हैं' – 'हम' से तात्पर्य है

(1) संसार के सभी लोग

(2) एक ख़ास देश के लोग

(3) हम भारतवासी

(4) हम सभी नागरिक

**92.** 'पर्यावरण' का सन्धि-विच्छेद होगा

(1) पर् + आवरण

(2) परि + आवरण

(3) परि + यावरण

(4) पर् + यावरण

**93.** हम प्रकृति के हृदय को आघात पहुँचाते हैं यदि हम

(1) पारिस्थितिकी से छेड़छाड़ करते हैं

(2) संसाधनों का दोहन करते हैं

(3) पृथ्वी से बुरा व्यवहार करते हैं

(4) पृथ्वी की खुदाई करते हैं

**94.** 'सर्वनाश से उबरा जा सके' – 'उबरा' का अर्थ है

(1) हटा

(2) निपटा

(3) तैरा

(4) बचा

**95.** गद्यांश में 'चरितार्थ करना' का उल्लेख है । इसका आशय है

(1) बहस करना

(2) अपनाना

(3) चरित्र-चित्रण करना

(4) सिद्ध करना

**96.** विश्व के सभी देशों से अपेक्षा की गई है कि वे

(1) पर्यावरण की रक्षा करें

(2) व्यक्तिगत प्रयास करें

(3) मिलजुल कर कार्य करें

(4) अपने उत्तरदायित्व ईमानदारी से निभाएँ

**97.** 'अरण्य-संरक्षण' का अर्थ है

(1) वनों की रक्षा

(2) प्रकृति की रक्षा

(3) पर्यावरण की रक्षा

(4) सभी की रक्षा

**98.** जो सम्बन्ध माँ और उसकी संतान में है, वही सम्बन्ध है

(1) पृथ्वी और पृथ्वी-निवासियों में

(2) धरती और सभी देशों में

(3) प्रकृति और पर्यावरण में

(4) माता और पुत्र में

**99.** 'क्रूर' शब्द है

(1) सर्वनाम

(2) विशेषण

(3) संज्ञा

(4) क्रिया

***निर्देश :*** *कविता की पंक्तियाँ पढ़कर पूछे गए प्रश्नों (प्र.सं. 100 से 105) में* ***सबसे उचित*** *उत्तर वाले विकल्प चुनिए।*

चमकीली है सुबह आज की आसमान में
निश्चय कल की सुबह और चमकीली होगी
बेचैनी की बाँहों में कल फूल खिलेंगे
घुटन गमकती साँसों की आवाज़ सुनेगी।
कुंठाओं की टहनी छिन्न-भिन्न होगी फिर
आशा अपने हाथों से अब कुसुम चुनेगी,
चटकीली है आज चहकती हुई चाँदनी
कल चंदा की किरण और चटकीली होगीं
खुल जाएँगे अब सबके दिल के दरवाजे
आँखें अपनी आँखों को पहचान सकेंगी।

**100.** काव्यांश में 'चमकीली सुबह' का आशय है

(1) अंधकार समाप्ति के बाद आशाभरी सुबह

(2) सफ़ेद कोहरे से चमकती सुबह

(3) प्रात:काल का समय

(4) सूर्य की किरणों से चमकती सुबह

**101.** कवि को विश्वास है कि

(1) सुबह का समय सदा सुहाना होता है

(2) सुबह का सूर्य कष्ट दूर करता है

(3) आज की सुबह सबसे अच्छी होगी

(4) कल की सुबह आज से अच्छी होगी

**102.** 'कुंठाओं की टहनी छिन्न-भिन्न होगी' से तात्पर्य है

(1) दुख की अनुभूति खत्म होगी

(2) निराशा दूर होगी

(3) मन का दुख दूर होगा

(4) पुरानी डाल टूट जाएगी

**103.** 'चाँदनी' का विशेषण है

(1) चटकीली

(2) गमकती

(3) महकती

(4) तड़पती

**104.** 'दिल के दरवाजे खुल जाएँगे' का क्या अर्थ है ?

(1) आपस में बातें करेंगे

(2) कोई बात छिपी नहीं रहेगी

(3) हृदय से हृदय मिलेंगे

(4) दिलों में सबके प्रति मित्रता रहेगी

**105.** 'कुसुम' का पर्यायवाची शब्द ***नहीं*** है

(1) कमल

(2) पुष्प

(3) सुमन

(4) प्रसून

*निर्देश : नीचे दिए गए प्रश्नों के लिए **सबसे उचित** विकल्प चुनिए ।*

106. उच्च प्राथमिक स्तर पर समझकर पढ़ने के संदर्भ में सर्वाधिक महत्त्वपूर्ण है

(1) तीव्र गति से पढ़ जाना

(2) लिखित सामग्री में शब्दों की पहचान करना

(3) किसी लिखित सामग्री का निहितार्थ समझना

(4) बोल-बोलकर शुद्ध उच्चारण के साथ पढ़ना

107. उच्च प्राथमिक स्तर पर बच्चों की हिन्दी भाषा की क्षमता के आकलन में प्रकार्यपरक पक्ष पर बल देने का आशय है

(1) भाषा-प्रयोग पर बल देना

(2) भाषा-प्रयोग का पक्ष बताना

(3) भाषा के कार्यों की सूची बनाना

(4) भाषा के कार्यों को बढ़ावा देना

108. उच्च प्राथमिक स्तर पर बच्चों की मौखिक अभिव्यक्ति का सतत आकलन करने के लिए सर्वाधिक उचित तरीक़ा है

(1) प्रश्न पूछना

(2) प्रतिक्रिया व्यक्त करना

(3) परिचर्चा

(4) उपर्युक्त सभी

109. व्याकरण की समझ को संदर्भपरक प्रश्नों के माध्यम से आँकना

(1) पूर्णतः उचित है

(2) पूर्णतः असंभव है

(3) बिल्कुल अनुचित है

(4) आंशिक रूप से उचित है

110. उच्च प्राथमिक स्तर पर भाषा सीखने को प्रभावित करता है

(1) बच्चों द्वारा किया जाने वाला सुलेख

(2) शिक्षक द्वारा ली गई लिखित परीक्षा

(3) भाषा सम्बन्धी गृहकार्य

(4) शिक्षक का भाषा शिक्षण सम्बन्धी रवैया

111. जो बच्चे विशेष रूप से पढ़ने में कठिनाई महसूस करते हैं, वे

(1) डिस्ग्राफिया से ग्रस्त होते हैं

(2) डिस्लेक्सिया से ग्रस्त होते हैं

(3) सीखने में अक्षम होते हैं

(4) मंदबुद्धि होते हैं

112. भाषा-अर्जन में बच्चे भाषा को

(1) सहज और स्वाभाविक रूप से सीखते हैं

(2) स्वाभाविक और प्रयासपूर्ण तरीक़े से सीखते हैं

(3) सहजता और अभ्यास से सीखते हैं

(4) अभ्यास और यांत्रिकता से सीखते हैं

113. उच्च प्राथमिक स्तर पर बहुभाषिक कक्षा में बच्चों की भाषा/भाषाएँ

(1) एक संसाधन है/हैं

(2) एक पहेली है/हैं

(3) एक जटिल चुनौती है/हैं

(4) एक कठिन समस्या है/हैं

**114.** उच्च प्राथमिक स्तर पर हिन्दी भाषा की समावेशी कक्षा का स्वरूप निर्धारित करने में सर्वाधिक महत्त्वपूर्ण है

(1) अभ्यास कार्य

(2) आकलन

(3) पाठ्य-पुस्तक

(4) शिक्षण प्रक्रिया

**115.** भाषा सीखने में सामाजिक अन्त:क्रिया का महत्त्वपूर्ण स्थान है । इस कथन का सम्बन्ध ________ से है ।

(1) स्किनर

(2) वाइगोत्स्की

(3) पियाज़े

(4) चॉम्स्की

**116.** हिन्दी भाषा की बारीक़ी को सही रूप में समझने की क्षमता का विकास करने के लिए आप क्या करेंगे ?

(1) हिन्दी भाषा के विभिन्न प्रयोगों से युक्त सामग्री उपलब्ध कराना

(2) हिन्दी भाषा के प्राचीनतम प्रयोगों से युक्त सामग्री उपलब्ध कराना

(3) गूढ़ अर्थ वाली भाषा से युक्त सामग्री पढ़वाना

(4) संस्कृतनिष्ठ हिन्दी भाषा से युक्त सामग्री उपलब्ध कराना

**117.** उच्च प्राथमिक स्तर पर हिन्दी भाषा-शिक्षण के लिए क्या अपेक्षित *नहीं* है ?

(1) स्वाध्यायशीलता का विकास

(2) भाषा-प्रयोग की क्षमता का विकास

(3) चिंतनशीलता का विकास

(4) सुनकर शब्दश: दोहराने की क्षमता का विकास

**118.** हिन्दी भाषा शिक्षक के रूप में आप किसे सबसे अधिक महत्त्वपूर्ण मानते हैं ?

(1) बच्चों की लेखन-क्षमता का विकास करना

(2) बच्चों की मौखिक अभिव्यक्ति की क्षमता का विकास करना

(3) बच्चों को व्याकरण के नियम सिखाना

(4) बच्चों को विभिन्न सन्दर्भों में भाषा-प्रयोग सिखाना

**119.** सातवीं कक्षा में पढ़ने वाली रूबी कक्षा में सबसे पहले अपना कार्य समाप्त कर लेती है । हिन्दी भाषा शिक्षक के रूप में आप क्या करेंगे ?

(1) रूबी को दूसरे बच्चों के कार्य की जाँच का एकमात्र अधिकारी बताएँगे

(2) रूबी को उसकी पसंद का कार्य करने के लिए कहेंगे

(3) रूबी से शान्त बैठने के लिए कहेंगे

(4) रूबी की दूसरों से तुलना करेंगे

**120.** उच्च प्राथमिक स्तर पर हिन्दी भाषा-शिक्षण में सर्वोपरि महत्त्वपूर्ण सामग्री है

(1) अभ्यास-पत्रक

(2) अभ्यास पुस्तिका

(3) बाल साहित्य

(4) पाठ्य-पुस्तक

Candidates should answer questions from the following Part only if they have opted for ENGLISH as LANGUAGE – II.

परीक्षार्थी निम्नलिखित भाग के प्रश्नों के उत्तर केवल तभी दें यदि उन्होंने **भाषा – II** का विकल्प अंग्रेज़ी चुना हो ।

# PART V
# LANGUAGE II
# ENGLISH

***Directions** : Read the passage given below and answer the questions that follow (Q. No. 121 to 129) by selecting the **most appropriate** option.*

The nation is proud of its scientists and scholars, though, of course, many of them would reply that they doubt whether the nation cares for them at all. When asked why many of our best and brightest have gone abroad to make a living, they opine that this is because as a nation we have not cared for the talented and meritorious.

There is some truth in what they say. However, by and large, compared to the situation before independence, government assistance has provided a tremendous opportunity for higher education. If today Indian scientists, technologists and scholars in different fields are respected worldwide, it is because of the education system we have built up.

Our excellence is evident within the confines of the limited opportunities which are available for research and development in the universities and the national R&D laboratories. We believe and appeal that scientists, researchers and scholars should shed their pessimism. There are many reasons for it.

We know the problems they face, especially the younger ones, and also those who are not in positions of power in these institutions, the so-called middle levels and the lower levels. We appeal to these people to think big, because they are the only ones who understand the forces of technological modernization and the new energies that can be unleashed through technologies. They also have the capability to absorb the knowledge base which is growing at an explosive rate.

**121.** What is ironic about our pride in our scientists ?

(1) They go abroad to make a living.

(2) They are held in high esteem.

(3) The nation cares for them.

(4) They are talented and meritorious.

**122.** What happens to our best scientists ?

(1) They get government grants.

(2) They start teaching in colleges.

(3) They start doing research.

(4) They don't get respectable jobs here.

**123.** After independence how has the situation changed in India ?

(1) The government is sending scientists abroad.

(2) Foreign scholars are teaching in our universities.

(3) The scientists are given Padma awards.

(4) Our system of higher education has improved a lot.

**124.** Our scientists have proved to be excellent even if________ .

(1) we have excellent research centres

(2) we pay them well

(3) we offer them limited opportunities

(4) we offer them excellent opportunities

**125.** The writer wants our scientists to ________.

(1) go abroad to make a living

(2) be optimistic in their attitude

(3) become part of the scientific community

(4) be pessimistic in their approach

**126.** Which one of the following is true ?

(1) Our scientists are respected all over the world.

(2) We have the best research facilities in India.

(3) We care for our scientists.

(4) Our scientists are not talented.

**127.** The writer makes an appeal to ________.

(1) neither the middle nor lower level scientists

(2) both the middle and lower level scientists

(3) the middle level scientists only

(4) the lower level scientists only

**128.** The phrase, 'at an explosive rate' means ________.

(1) at an abnormal speed

(2) at normal speed

(3) at a great speed

(4) with the help of an explosion

**129.** The word opposite in meaning to 'unleashed' is ________.

(1) controlled

(2) unfastened

(3) inexpensive

(4) uncontrolled

***Directions** : Read the passage given below and answer the questions that follow (Q. No. 130 to 135) by selecting the **most appropriate** option.*

My heart grieved when I read the other day a news item that more than two-thirds of the elderly are being ignored in their twilight years. They are isolated by their own children and are experiencing loneliness in their present lives. Most of them say they are not being respected or given good treatment by their family or society, and they are being discriminated against in their old age. Majority of the elderly attributed their loneliness to no or little interaction with family members. With fast changing socio-economic scenarios, growing nuclear families and changing value systems, the needs of the elderly have also changed. The most common problems that the elderly face are — marginalization, lack of love and affection from their loved ones, little or no access to medicines and healthcare, finding it difficult to secure their life and property. They have no work opportunities as a result of which they face financial problems. They suffer from restricted mobility and have psychological problems on account of loneliness.

To improve the situation for the elderly, the Government of India may consider enacting a law like many other countries have, to make it compulsory for children to maintain and look after their parents and also establish the National Commission for Elderly Persons. At the same time, the fact remains that the real compulsion has to come out of the bonds of affection between parents and children. We would not be wrong in saying that in India the joint-family system has made a powerful contribution in cementing the bonds of affection between the old and the young.

130. The twilight years are when one is ______.
(1) middle-aged
(2) old
(3) a child
(4) a young man

131. The elderly do ***not*** feel ______.
(1) respected
(2) discriminated against
(3) lonely
(4) ignored

132. What the elderly do not lack ______.
(1) is security of life and property
(2) is loneliness in their lives
(3) are love and affection
(4) are medicines and healthcare

133. Only ______ can keep the old united with the family.
(1) courts
(2) social compulsions
(3) joint-family system
(4) government rules

134. Which of the following is ***false*** ?
(1) The old love to live in extended families.
(2) The old are not very mobile.
(3) One's needs change when one gets old.
(4) Most old people are financially secure.

135. Which word in the passage means the same as 'saddened' ?
(1) isolated
(2) restricted
(3) grieved
(4) ignored

***Directions*** *: Answer the following questions by selecting the* ***most appropriate*** *option.*

136. For process writing, which one of the following points should be followed ?
(1) Use of personal pronouns
(2) Word limit
(3) Logical sequence
(4) Organisation of points

137. Problems of spelling errors of the students can be easily solved through ______.
(1) dictionary
(2) dictation
(3) teaching aids
(4) textbooks

138. ______ is a prerequisite to learning language.
(1) Motivation
(2) Knowing words and their meanings
(3) Knowledge of grammar
(4) Reading stories

139. Cognitive Code Approach focuses more ______.
(1) vocabulary
(2) spelling
(3) grammar rules
(4) pronunciation

140. According to which one of the follow linguists, language cannot be sub standard may be non standard ?
(1) William Labov
(2) Stephen Krashen
(3) Chomsky
(4) Basil Bernstein

**141.** Which one of the following is ***not*** a language component ?

(1) Structure

(2) Script

(3) Vocabulary

(4) Sound

**142.** Decoding stands for __________.

(1) deciphering the sounds in words and sentences

(2) only recognising the difference between sounds

(3) failure to understand the given text

(4) passing on a message to others

**143.** In order to improve the learners' pronunciation, a teacher first needs to ______ .

(1) use recorded model of sounds

(2) show the documentary/films of the target language

(3) ask them to read more

(4) do pronunciation drills

**144.** Intensive reading stands for __________.

(1) reading for enrichment of vocabulary

(2) reading for developing literary sensitivity

(3) reading the text in parts for details

(4) reading for pleasure

**145.** Scanning is a reading activity which helps the learners to ________ from/of the text.

(1) draw out information

(2) develop competence in the linguistic items

(3) know the meanings of the words

(4) enrich the vocabulary

**146.** A good listener can __________.

(1) correctly respond to every question asked

(2) pronounce each and every word correctly

(3) understand how to spell a word

(4) recognize how intonation is used

**147.** Constructivist approach to language learning promotes __________.

(1) a child-centred approach

(2) a teacher-centred approach

(3) culture of silence

(4) classroom noise

**148.** ________ is the father of modern linguistics.

(1) Bloomsfield

(2) Chomsky

(3) Chaucer

(4) Ferdinand de Saussure

**149.** A phoneme is a _________ .

(1) technique to improve pronunciation

(2) sound pattern

(3) lexical item

(4) single sound unit

**150.** In order to have language proficiency, which one is ***not*** essentially required ?

(1) Efficiency

(2) Appropriacy

(3) Accuracy

(4) Fluency

**Candidates should answer questions from the following Part only if they have opted for HINDI as LANGUAGE – II.**

**परीक्षार्थी निम्नलिखित भाग के प्रश्नों के उत्तर केवल तभी दें यदि उन्होंने भाषा – II का विकल्प हिन्दी चुना हो ।**

# भाग V
## भाषा II
## हिन्दी

*निर्देश : नीचे दिए गए गद्यांश को पढ़कर निम्नलिखित प्रश्नों (प्र.सं. 121 से 129) में **सबसे उचित** विकल्प चुनिए ।*

स्वामी विवेकानन्द जी एक ऐसे संत थे जिनका रोम-रोम राष्ट्रभक्ति से ओत-प्रोत था । उनके सारे चिन्तन का केन्द्रबिन्दु राष्ट्र था । अपने राष्ट्र की प्रगति एवं उत्थान के लिए जितना चिन्तन एवं कर्म इस तेजस्वी संन्यासी ने किया उतना पूर्ण समर्पित राजनीतिज्ञों ने भी सम्भवत: नहीं किया । अन्तर यह है कि इन्होंने सीधे राजनीतिक धारा में भाग नहीं लिया किन्तु इनके कर्म एवं चिन्तन की प्रेरणा से हज़ारों ऐसे कार्यकर्त्ता तैयार हुए जिन्होंने राष्ट्र-रथ को आगे बढ़ाने के लिए अपना जीवन समर्पित कर दिया ।

इन्होंने निजी मुक्ति को जीवन का लक्ष्य नहीं बनाया था बल्कि करोड़ों देशवासियों के उत्थान को ही अपना जीवन-लक्ष्य बनाया । राष्ट्र के दीन-हीन जनों की सेवा को ही वे ईश्वर की सच्ची पूजा मानते थे । सत्य की अनवरत खोज उन्हें दक्षिणेश्वर के संत श्री रामकृष्ण परमहंस तक ले गई और परमहंस ही वह सच्चे गुरु सिद्ध हुए जिनका सान्निध्य पाकर इनकी ज्ञान-पिपासा शांत हुई । उन्तालीस वर्ष के संक्षिप्त जीवनकाल में स्वामी जी जो कार्य कर गए वे आने वाली अनेक शताब्दियों तक पीढ़ियों का मार्गदर्शन करते रहेंगे ।

तीस वर्ष की आयु में इन्होंने शिकागो, अमेरिका के विश्व धर्म-सम्मेलन में हिन्दू धर्म का प्रतिनिधित्व किया और इसे सार्वभौमिक पहचान दिलवायी । तीन वर्ष तक वे अमेरिका में रहे और वहाँ के लोगों को भारतीय तत्त्व-ज्ञान की अद्भुति ज्योति प्रदान की । "अध्यात्म-विद्या और भारतीय दर्शन के बिना विश्व अनाथ हो जाएगा" यह स्वामी जी का दृढ़ विश्वास था ।

वे केवल संत ही नहीं, एक महान देशभक्त, वक्ता, विचारक, लेखक और मानव-प्रेमी भी थे । अमेरिका से लौटकर उन्होंने आज़ादी की लड़ाई में योगदान देने के लिए देशवासियों का आह्वान किया और जनता ने स्वामी जी की पुकार का उत्तर दिया । गाँधी जी को आज़ादी की लड़ाई में जो जन-समर्थन मिला था, वह स्वामी जी के आह्वान का ही फल था । उन्नीसवीं सदी के आख़िरी दौर में वे लगभग सशक्त क्रांति के जरिए भी देश को आज़ाद कराना चाहते थे । परन्तु उन्हें जल्द ही यह विश्वास हो गया था कि परिस्थितियाँ उन इरादों के लिए अभी परिपक्व नहीं हैं । इसके बाद ही उन्होंने एक परिव्राजक के रूप में भारत और दुनिया को खंगाल डाला ।

स्वामी जी इस बात से आश्वस्त थे कि धरती की गोद में यदि कोई ऐसा देश है जिसने मनुष्य की हर तरह की बेहतरी के लिए ईमानदार कोशिशें की है, तो वह भारत ही है । उनकी दृष्टि में हिन्दू धर्म के सर्वश्रेष्ठ चिन्तकों के विचारों का निचोड़ पूरी दुनिया के लिए अब भी आश्चर्य का विषय है । स्वामी जी ने संकेत दिया था कि विदेशों में भौतिक समृद्धि तो है और उसकी भारत को ज़रूरत भी है लेकिन हमें याचक नहीं बनना चाहिए । हमारे पास उससे ज़्यादा बहुत कुछ है जो हम पश्चिम को दे सकते हैं और पश्चिम को उसकी बेसाख़्ता ज़रूरत है ।

**121.** निम्नलिखित में से कौन-सा स्वामी विवेकानन्द जी के चिन्तन का सबसे प्रमुख बिन्दु था ?

(1) आध्यात्मिक विकास

(2) आत्मिक विकास

(3) राष्ट्र का विकास

(4) जन-जन की प्रगति

**122.** स्वामी विवेकानन्द जी का शिकागो विश्व धर्म-सम्मेलन में भाग लेने का उद्देश्य था

(1) हिन्दू धर्म में निहित तत्त्व-ज्ञान से विश्व को परिचित कराना

(2) स्वयं को हिन्दू धर्म के सर्वश्रेष्ठ प्रचारक के रूप में प्रतिष्ठापित करना

(3) हिन्दू धर्म का प्रचार-प्रसार करना

(4) हिन्दू धर्म को अन्य धर्मों की तुलना में श्रेष्ठ सिद्ध करना

**123.** निम्नलिखित शब्दों में से कौन-सा उर्दू भाषा का है ?

(1) खंगाल

(2) रोम-रोम

(3) बेसाख़्ता

(4) राष्ट्र

**124.** "गाँधी जी को आज़ादी की लड़ाई में जो जन-समर्थन मिला था, वह स्वामी विवेकानन्द जी के आह्वान का फल था ।" निम्नलिखित में से कौन-सा कथन इसके भाव को सही रूप में व्यक्त करता है ?

(1) आज़ादी की लड़ाई में गाँधी जी को जो समर्थन मिला उसकी नींव स्वामी विवेकानन्द जी ने ही रखी थी ।

(2) आज़ादी की लड़ाई में स्वामी विवेकानन्द जी गाँधी जी की सहायता करना चाहते थे ।

(3) स्वामी विवेकानन्द जी में जनता को जागृत करने की क्षमता गाँधी जी से अधिक थी ।

(4) यदि स्वामी जी ने प्रयास न किया होता तो गाँधी जी को इतना अधिक जन-समर्थन प्राप्त नहीं होता ।

**125.** 'राष्ट्रभक्ति' में प्रयुक्त समास है

(1) कर्म तत्पुरुष

(2) करण तत्पुरुष

(3) सम्प्रदान तत्पुरुष

(4) सम्बन्ध तत्पुरुष

**126.** मनुष्य की बढ़ोतरी के लिए <u>ईमानदार</u> कोशिश की है । वाक्य में रेखांकित किए गए विशेषण का उपभेद बताइए ।

(1) अवस्था बोधक

(2) स्थिति बोधक

(3) दशा बोधक

(4) गुण बोधक

**127.** 'परिपक्व' की भाववाचक संज्ञा है

(1) परिपक्वता

(2) परिपूर्ण

(3) परिपक्वन

(4) परिपूर्णता

**128.** निम्नलिखित में से कौन-सा शब्द 'सान्निध्य' का समानार्थक है ?

(1) समर्पण

(2) सन्निपात

(3) सर्वाधिक

(4) समीपता

**129.** निम्नलिखित में से कौन-सा 'देशज' शब्द है ?

(1) खंगाल

(2) ज़रूरत

(3) सम्भवत:

(4) नीति

***निर्देश :*** *नीचे दिए गए गद्यांश को पढ़कर निम्नलिखित प्रश्नों (प्र.सं. 130 से 135 ) में* ***सबसे उचित*** *विकल्प चुनिए ।*

हमारे विशाल देश में हिमालय की अनन्त हिमराशि वाले ग्लेशियरों ने जिन नदियों को जन्म दिया है, उनमें गंगा और यमुना नाम की नदियाँ हमारे जीवन की धमनियों की तरह रही हैं । उनकी गोद में हमारे पूर्वजों ने सभ्यता के प्रांगण में अनेक नए खेल खेले । उनके तटों पर जीवन का जो प्रवाह प्रचलित हुआ, वह आज तक हमारे भूत और भावी जीवन को सींच रहा है । भारत हमारा देश है और हम उसके नागरिक हैं यह एक सच्चाई हमारे रोम-रोम में बिंधी हुई है । नदियों की अन्तर्वेदी में पनपने वाले आदि युग के जीवन पर हम अब जितना अधिक विचार करते हैं हमको अपने विकास और वृद्धि की सनातन जड़ों का पृथ्वी के साथ सम्बन्ध उतना ही अधिक घनिष्ठ जान पड़ता है । हमारे धार्मिक पर्वों पर लाखों लोग नदी और जलाशयों के तटों पर एकत्र होते हैं । पृथ्वी के एक-एक जलाशय और सरोवर को भारतीय भावना ने ठीक प्रकार से समझने का प्रयत्न किया, उनके साथ सौहार्द का भाव उत्पन्न किया जो हर एक पीढ़ी के साथ नए रूप में बँधा रहा । किन्तु आज स्थिति बड़ी विचित्र और एक सीमा तक चिन्ताजनक हो गई है । हमारी औद्योगिक क्रांति ने इन्हें प्रदूषित कर विषैला बना दिया है । जीवनदायिनी नदियाँ आज प्राणघातिनी होती जा रही हैं । मिल-बैठकर सोचने की आवश्यकता है कि क्या करें कि ये पुन: जीवनदायिनी हों । और उन सोची हुई योजनाओं को अमल में लाने की भी आवश्यकता है ।

**130.** गंगा-यमुना को जल कहाँ से मिलता है ?

(1) अनन्त जलराशि से

(2) ग्लेशियरों से

(3) हिमालय से

(4) मानसरोवर से

**131.** लेखक के अनुसार हमारी सभ्यता का जन्म हुआ है

(1) नदियों की गोद में

(2) प्रकृति के प्रांगण में

(3) हिमालय में

(4) गंगा-यमुना में

**132.** स्थिति चिंताजनक क्यों हो गई है ?

(1) नदियाँ कम हो गई हैं ।

(2) नदियाँ बाढ़ लाने लगी हैं ।

(3) नदियाँ प्रदूषित हो गई हैं ।

(4) नदियाँ वेग से बहने लगी हैं ।

**133.** 'जीवनदायिनी' का विलोम है

(1) प्राणघातिनी

(2) प्राणांतक वाहिनी

(3) जीवप्रदायिनी

(4) अजीवनदायिनी

**134.** 'औद्योगिक' शब्द का मूल शब्द है

(1) उदयोग

(2) उद्योग

(3) योगिक

(4) औद्योग

**135.** जिसका कोई अन्त न हो उसे कहते हैं

(1) आनंद

(2) अखंड

(3) असीम

(4) अनंत

***निर्देश :*** *नीचे दिए गए प्रश्नों के लिए* ***सबसे उचित*** *विकल्प चुनिए ।*

**136.** 'पोर्टफोलियो' के सम्बन्ध में कौन-सा कथन सही है ?

(1) इससे बच्चों को लिखित कार्य करने की आदत पड़ जाती है ।

(2) इससे बच्चों की क्रमिक प्रगति के बारे में पता चलता है ।

(3) बच्चों के कार्य को एक जगह संकलित करना प्रमुख उद्देश्य है ।

(4) इससे शिक्षक के समय की बचत होती है ।

**137.** हिन्दी भाषा में सतत और व्यापक आकलन का मुख्य उद्देश्य है

(1) बच्चों की लिखित परीक्षा लेना

(2) बच्चों का एक से अधिक बार परीक्षण करना

(3) बच्चों द्वारा की गई त्रुटियों की पहचान करना

(4) बच्चों की भाषा-प्रयोग सम्बन्धी क्षमता के विकास में मदद करना

**138.** भाषा हमारे/हमारी ________ को व्यवस्थित करती है ।

(1) व्याकरणिक चेतना

(2) विचार-प्रक्रिया

(3) सामाजिक व्यवहार

(4) खेल-क्रिया

**139.** भाषा हमें ________ व ________ की अनखोजी दुनिया में ले जाती है ।

(1) समाज, कल्पना

(2) कल्पना, विज्ञान

(3) ज्ञान, कल्पना

(4) ज्ञान, समाज

**140.** जिन बच्चों को लिखने में कठिनाई का अनुभव होता है, वे बच्चे ________ से ग्रस्त हो सकते हैं ।

(1) डिस्ग्राफिया

(2) डिस्केलकुलिया

(3) मंदबुद्धिता

(4) डिस्लेक्सिया

**141.** हिन्दी भाषा की कक्षा में

(1) सभी बच्चे समान रूप से हिन्दी सीखते हैं ।

(2) सभी बच्चे समान रूप से हिन्दी बोलते हैं ।

(3) सभी बच्चे एक ही भाषा के होते हैं ।

(4) सभी बच्चे एक ही भाषा के नहीं होते ।

**142.** बहुभाषिक कक्षा की आवश्यकताओं को सम्बोधित करने में सर्वाधिक सहायक है

(1) विविध स्वरूपी लिखित परीक्षाएँ

(2) एक से अधिक बार भाषायी आकलन

(3) एक से अधिक पाठ्य-पुस्तक

(4) विविध स्वरूपी पाठ्य-सामग्री

**143.** व्याकरण-शिक्षण के सन्दर्भ में आपका बल किस बिन्दु पर होगा ?

(1) व्याकरण के नियमों की सैद्धान्तिक विवेचना पर

(2) व्याकरणिक कोटियों की पहचान पर

(3) व्याकरणिक नियमों को कंठस्थ करने पर

(4) व्याकरण के व्यावहारिक पक्ष पर

**144.** उच्च प्राथमिक स्तर पर पाठ्य-पुस्तकों को न केवल विषय-वस्तुओं के लिए स्थान उपलब्ध करवाना चाहिए बल्कि

(1) मानक हिन्दी के लिए ही स्थान उपलब्ध करवाना चाहिए

(2) विविध भाषाओं के लिए भी स्थान उपलब्ध करवाना चाहिए

(3) व्याकरण पर भी अत्यंत बल देना चाहिए

(4) मानक भाषा के प्रयोग पर अत्यंत बल देना चाहिए

**145.** त्रिभाषा सूत्र में हिन्दी का स्थान

(1) राजभाषा के रूप में है ।

(2) सह राजभाषा के रूप में है ।

(3) राष्ट्रभाषा के रूप में है ।

(4) शास्त्रीय भाषा के रूप में है ।

**146.** भाषा और लिपि के सन्दर्भ में कौन-सा कथन सही है ?

(1) एक भाषा विशेष को एक लिपि विशेष में ही लिखा जा सकता है ।

(2) भाषा की समृद्धि के लिए केवल लिपि ही उत्तरदायी है ।

(3) किसी भी भाषा को किसी भी लिपि में लिखा जा सकता है ।

(4) प्रत्येक भाषा की एक निश्चित लिपि होती है ।

**147.** वाइगोत्स्की ने भाषा-विकास के सन्दर्भ में किस बिन्दु पर सबसे अधिक बल दिया है ?

(1) सामाजिक अंत:क्रिया पर

(2) अनुकरण पर

(3) मस्तिष्क पर

(4) पाठ्य-पुस्तक पर

**148.** हिन्दी भाषा की पाठ्य-पुस्तक के माध्यम से

(1) भाषा-नियमों की जानकारी मिलती है

(2) भाषा एवं सामाजिक विमर्श को भी बढ़ावा मिलता है

(3) भाषा ही सीखी जा सकती है

(4) साहित्यिक विधाओं की जानकारी मिलती है

**149.** सामाजिक व्यवहार के ________ व सांस्कृतिक पैटर्न (नमूने) अवचेतन स्तर पर ग्रहण किए जाते हैं ।

(1) आर्थिक

(2) राजनैतिक

(3) भाषिक

(4) व्यावहारिक

**150.** प्रत्येक भाषा की पृष्ठभूमि में अवस्थित भाषिक-व्यवस्था ही ________ और कार्यक्रमों को गढ़ती है तथा व्यक्ति के मानसिक क्रियाकलाप के लिए निर्देशन का कार्य करती है ।

(1) मर्यादाओं

(2) सामाजिक

(3) चुनौतियों

(4) धारणाओं

# SPACE FOR ROUGH WORK

# रफ़ कार्य के लिए जगह

**READ THE FOLLOWING INSTRUCTIONS CAREFULLY :**

1. Out of the four alternatives for each question, only one circle for the correct answer is to be darkened completely with Blue/Black Ball Point Pen on Side-2 of the OMR Answer Sheet. The answer once marked is not liable to be changed.
2. The candidates should ensure that the Answer Sheet is not folded. Do not make any stray marks on the Answer Sheet. Do not write your Roll No. anywhere else except in the specified space in the Answer Sheet.
3. Handle the Test Booklet and Answer Sheet with care, as under no circumstances (except for discrepancy in Test Booklet Code or Number and Answer Sheet Code or Number), another set will be provided.
4. The candidates will write the correct Test Booklet Code and Number as given in the Test Booklet/Answer Sheet in the Attendance Sheet.
5. Candidates are not allowed to carry any textual material, printed or written, bits of papers, pager, mobile phone, electronic device or any other material except the Admit Card inside the Examination Hall/Room.
6. Each candidate must show on demand his / her Admission Card to the Invigilator.
7. No candidate, without special permission of the Superintendent or Invigilator, should leave his / her seat.
8. The candidates should not leave the Examination Hall without handing over their Answer Sheet to the Invigilator on duty and sign the Attendance Sheet twice. Cases where a candidate has not signed the Attendance Sheet a second time will be deemed not to have handed over the Answer Sheet and dealt with as an unfair means case. **The candidates are also required to put their left-hand THUMB impression in the space provided in the Attendance Sheet.**
9. Use of Electronic/Manual Calculator is prohibited.
10. The candidates are governed by all Rules and Regulations of the Board with regard to their conduct in the Examination Hall. All cases of unfair means will be dealt with as per Rules and Regulations of the Board.
11. No part of the Test Booklet and Answer Sheet shall be detached under any circumstances.
12. **On completion of the test, the candidate must hand over the Answer Sheet to the Invigilator in the Room/Hall.** ***The candidates are allowed to take away this Test Booklet with them.***

**निम्नलिखित निर्देश ध्यान से पढ़ें :**

1. प्रत्येक प्रश्न के लिए दिए गए चार विकल्पों में से सही उत्तर के लिए OMR उत्तर पत्र के पृष्ठ-2 पर केवल एक वृत्त को ही पूरी तरह नीले/काले बॉल पॉइन्ट पेन से भरें । एक बार उत्तर अंकित करने के बाद उसे बदला नहीं जा सकता है ।
2. परीक्षार्थी सुनिश्चित करें कि इस उत्तर पत्र को मोड़ा न जाए एवं उस पर कोई अन्य निशान न लगाएँ । परीक्षार्थी अपना अनुक्रमांक उत्तर पत्र में निर्धारित स्थान के अतिरिक्त अन्यत्र न लिखें ।
3. परीक्षा पुस्तिका एवं उत्तर पत्र का ध्यानपूर्वक प्रयोग करें, क्योंकि किसी भी परिस्थिति में (केवल परीक्षा पुस्तिका एवं उत्तर पत्र के संकेत या संख्या में भिन्नता की स्थिति को छोड़कर) दूसरी परीक्षा पुस्तिका उपलब्ध नहीं करायी जाएगी ।
4. परीक्षा पुस्तिका/उत्तर पत्र में दिए गए परीक्षा पुस्तिका संकेत व संख्या को परीक्षार्थी सही तरीके से हाज़िरी-पत्र में लिखें ।
5. परीक्षार्थी द्वारा परीक्षा हॉल/कक्ष में प्रवेश कार्ड के सिवाय किसी प्रकार की पाठ्य सामग्री, मुद्रित या हस्तलिखित, काग़ज़ की पर्चियाँ, पेजर, मोबाइल फोन, इलेक्ट्रॉनिक उपकरण या किसी अन्य प्रकार की सामग्री को ले जाने या उपयोग करने की अनुमति नहीं है ।
6. पूछे जाने पर प्रत्येक परीक्षार्थी, निरीक्षक को अपना प्रवेश-कार्ड दिखाएँ ।
7. अधीक्षक या निरीक्षक की विशेष अनुमति के बिना कोई परीक्षार्थी अपना स्थान न छोड़ें ।
8. कार्यरत निरीक्षक को अपना उत्तर पत्र दिए बिना एवं हाज़िरी-पत्र पर दुबारा हस्ताक्षर किए बिना परीक्षार्थी परीक्षा हॉल नहीं छोड़ेंगे । यदि किसी परीक्षार्थी ने दूसरी बार हाज़िरी-पत्र पर हस्ताक्षर नहीं किए तो यह माना जाएगा कि उसने उत्तर पत्र नहीं लौटाया है और यह अनुचित साधन का मामला माना जाएगा । **परीक्षार्थी अपने बाएँ हाथ के अँगूठे का निशान हाज़िरी-पत्र में दिए गए स्थान पर अवश्य लगाएँ ।**
9. इलेक्ट्रॉनिक/हस्तचालित परिकलक का उपयोग वर्जित है ।
10. परीक्षा-हॉल में आचरण के लिए परीक्षार्थी बोर्ड के सभी नियमों एवं विनियमों द्वारा नियमित हैं । अनुचित साधनों के सभी मामलों का फैसला बोर्ड के नियमों एवं विनियमों के अनुसार होगा ।
11. किसी हालत में परीक्षा पुस्तिका और उत्तर पत्र का कोई भाग अलग न करें ।
12. **परीक्षा सम्पन्न होने पर, परीक्षार्थी कक्ष/हॉल छोड़ने से पूर्व उत्तर पत्र कक्ष-निरीक्षक को अवश्य सौंप दें ।** ***परीक्षार्थी अपने साथ इस परीक्षा पुस्तिका को ले जा सकते हैं ।***